सड़क सुरक्षा के उपाय

बिहार में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। नयी–नयी सड़कों के निर्माण, वाहनों की बढ़ती संख्या, बेतरतीब ढ़ंग से वाहनों के परिचालन तथा सड़क सुरक्षा के नियमों को अनदेखी करने के कारण इन दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। दोपहिया वाहन सवार द्वारा हेलमेट का उपयोग न करने तथा वाहन के तेज रफ्तार में रहने के दौरान, सेल्फी लेने का प्रयास भी जानलेवा साबित हो रहा है। कई बहुमूल्य जिन्दगियाँ इन सड़क दुर्घटनाओं में काल के गाल में समा जाती है। हमसब इसे मिलकर रोक सकते हैं अगर हम थोड़ी सी सावधानी बरते।

सड़क सुरक्षा के निम्न उपायों को अपनाकर हम अपने और अपनों की जिन्दगी बचा सकते हैं :

- सड़क पार करते समय हमेशा दायें और बायें देख कर पार करें।
- सड़क पर चलते समय या सड़क पार करते समय कान में इयरफोन लगा कर न चलें।
- जेब्रा लाइन से ही सड़क पार करें, जहाँ Road Divider हो वहाँ से सड़क पार न करें।
- वाहन हमेशा सड़क के बायीं ओर और निर्धारित गति सीमा में चलायें।
- दुपहिया वाहन चालक और उनके पीछे बैठने वाली सवारी हमेशा हेलमेट पहन कर चलें।
- कार या अन्य चार पहिया वाहन या उससे बड़े वाहन चालक एवं यात्री हमेशा सीट बेल्ट बांध कर गाड़ी चलायें।
- नशे की हालत में गाड़ी न चलायें।
- ट्रैफिक के नियमों और संकेतों का पालन करें।
- दायें या बायें मुड़ते समय, गाड़ी रोकते समय और गाड़ी धीमी करते समय संकेत (Indicater) अवश्य दें।
- किसी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तुरंत प्राथमिक उपचार दें और उसे तुरंत किसी नजदीकी चिकित्सालय में ले जायें।
- वाहन सवार एवं पैदल यात्री एम्बुलेंस के जाने के लिए रास्ता छोड़ दें।
- दरवाजा खोलते समय सावधानी बरतें।
- सड़क के बायें चलें एवं सभी सड़क चिन्हों का अनुपालन करें।
- सड़क का चौराहा/तिराहा आने के पूर्व वाहन की गति धीमी कर लें एवं उसे पार करने के पूर्व दाहिने, बायें देखें एवं सावधानी बरतें।
- गाड़ी चलाते समय सेल्फी न लें।
- गंतव्य स्थान की दूरी एवं ट्रैफिक के हिसाब से समय लेकर चलें।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

द्वितीय तल, पंत भवन, बेली रोड, पटना– 800001,

Tel. : +91 (0612) 2522032, Fax, +91 (0612) 2532311, visit : www.bsdma.org; e-mail : info@bsdma.org

संपर्क करें :– आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार, फोन नं0– 0612–2215600

राज्य आपदा संचालन केन्द्र, बिहार, फोन नं0– 0612–2217305, 2217302, 2217303, 2217304

www.bsdma.org

बिहार सरकार